myneta.info National Election Watch

ADR Association for Democratic Reforms

**9 मार्च, 2018**

**प्रेस विज्ञप्ति**

# नोटा वोटों का विश्लेषण (2013–2017)


**एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स**
टी–95, सी.एल. हाऊस, द्वितीय तल,
नज़दीक गुलमोहर कर्मशियल काम्पलेक्स,
गौतम नगर, नई दिल्ली– 110049,
फोन नं.: 011–4165 4200, फैक्स नं: 4609 4248
ईमेलःadr@adrindia.org

भारत में नोटा की शुरूआत उच्चतम न्यायालय के निर्णय दिनांक 27 सितम्बर 2013 में डब्ल्यू पी (सी) संख्या 161, 2004 (पीपुल यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया और अन्य) के द्वारा हुई। भारतीय उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को मतपत्र/इ.वि.एम. में आवश्यक प्रावधान करने के लिए निर्देश दिए। इस निर्देश में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को मतपत्र एंव इ.वि.एम. में उपरोक्त में से कोई नहीं (नोटा) के लिए एक बटन प्रदान करने का आदेश दिया ताकि मतदान केंद्र पर आना वाला कोई भी मतदात्ता यदि किसी भी उम्मीदवार को वोट ना देने का निर्णय लेता है तो वह गोपनीयता के अपने अधिकार को बनाये रखते हुए इस अधिकार का प्रयोग कर पाए। नोटा बटन के प्रावधान को 2013 में छत्तीसगढ, मिजोरम, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश के विधान सभा चुनावों में लागू किया गया था। ए.डी.आर. और नेशनल इलेक्शन वॉच ने 2013 से नोटा को प्राप्त वोटों की संख्या का विश्लेषण किया है।

## रिपोर्ट के मुख्य अंश

- पिछले 5 सालो में नोटा को विधान सभा और लोक सभा में कुल मिलाकर 1,33,09,577 (**1.33 करोड़**) वोट मिले है।
- पिछले 5 सालो में विधानसभा चुनावो में नोटा को औसतन 2,70,616 (**2.70 लाख**) वोट मिले।
- हाल ही मे गोवा, दिल्ली और आंध्र प्रदेश में हुए उपचुनावो मे नोटा को बड़ी संख्या में वोटों की प्राप्ति हुई नोटा इन सभी क्षेत्रों में वोटों की संख्या के अनुसार तीसरे या चौथे स्थान पर रहा।
    - 2017 में गोवा के पणजी एंव वालपोई निर्वाचन क्षेत्रो में हुए उपचुनाव में नोटा 301 (1.94 प्रतिशत) और 458 (1.99 प्रतिशत) वोटों के साथ दोनों क्षेत्रों में तीसरे स्थान पर रहा।
    - 2017 में दिल्ली के बवाना निर्वाचन क्षेत्र में हुए उपचुनाव में नोटा को 1,413 (1.07 प्रतिशत) वोट प्राप्त हुए।
    - 2017 में आंध्र प्रदेश के नंदयाल निर्वाचन क्षेत्र में हुए उपचुनाव में नोटा 1,231 (0.71 प्रतिशत) वोट प्राप्त करके चौथे स्थान पर रहा ये ही नहीं इस निर्वाचन क्षेत्र में नोटा ने 12 दूसरे उम्मीदवारों से अधिक वोट प्राप्त किये।


- 2014 में पहली बार नोटा का प्रयोग लोक सभा चुनाव में किया गया जिसमें, कुल मिलाकर नोटा कों 60,02,942 (1.08 प्रतिशत) वोट मिले। लोक सभा में नोटा को मिले वोटों मे सर्वाधिक वोट नोटा को तमिलनाडु के नीलगिरि निर्वाचन क्षेत्र (46,559 वोट) में मिले थें। नोटा को सबसे कम संख्या में वोट अर्थात 123 वोट लक्षद्वीप में मिले थे।
- विधान सभा चुनावो में नोटा का सर्वाधिक वोटों का प्रतिशत 2015 में था, जिसमें 2 राज्यों के विधान सभा चुनाव में 2.08 प्रतिशत (9,83,176 वोट) मिले थे, बिहार में (9,47,279 वोट) और दिल्ली में (35,897 वोट) मिले थे।
- नोटा का सबसे कम वोटों का प्रतिशत 2014 में था, 8 राज्यों के विधानसभा चुनावों में 0.91 प्रतिशत (14,10,644 वोट) मिले थे, जिसमें आंध्र प्रदेश को (3,08,286 वोट), अरूणाचल प्रदेश को (5,322 वोट), हरियाणा को (53,613 वोट), जम्मू और कश्मीर (49,129 वोट), झारखंड को (2,35,039 वोट), महाराष्ट्र को (4,83,459 वोट), ओडिशा को (2,71,336 वोट) और सिक्किम को (4,460 वोट) मिले थे।
- 2013 में इसके कार्यावयन के बाद से, नोटा को सर्वाधिक संख्या में वोट (9,47,279 वोट) बिहार विधान सभा चुनाव 2015 एंव सबसे कम संख्या में वोट (3,810 वोट) मिजोरम विधान सभा चुनाव 2013 में मिले।
- पिछले 5 सालों में नोटा का सर्वाधिक वोट शेयर यानी 3.06 प्रतिशत, 2013 छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में था।
- पिछले 5 सालों मे नोटा का न्यूनतम वोट शेयर यानी 0.40 प्रतिशत, 2015 दिल्ली विधान सभा चुनाव में था।
- पिछले 5 सालों के विधान सभा चुनावों में, नोटा को सर्वाधिक वोट यानी 17,510 वोट महाराष्ट्र के गडचिरोली निर्वाचन क्षेत्र में मिले, वही सबसे कम संख्या में वोट यानि मात्र 7 वोट अरूणचल प्रदेश के मरियांग गेकु निर्वाचन क्षेत्र में मिले।
- अरूणाचल प्रदेश के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में जैसे मुक्तो, दिरांग, पश्चिम सेप्पा, पक्के कसांग, दोईमुख, सगली, पालिन, नैपिन, नाचो, तलीहा और मेबो में नोटा ने कोई वोट हासिल नहीं किया।
- संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र वे हैं जहां 3 या 3 से अधिक ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है नोटा ने 2013 विधान सभा चुनाव में संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र में 22,94,904 (22.94 लाख) वोट हासिल किए थे।
- नोटा ने छत्तीसगढ़ के संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक वोट हासिल किए, नोटा ने छत्तीसगढ़ के 10 संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों में 2.68 प्रतिशत (39,896 वोट) हासिल किए थे।
- दिल्ली एंव महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में नोटा को सर्वाधिक वोट 4.58 प्रतिशत महाराष्ट्र के उल्लासनगर नगर निगम चुनाव में और सबसे कम वोट 0.58 प्रतिशत पूर्व दिल्ली नगर निगम चुनाव में मिले।
- दिल्ली नगर निगम चुनाव 2017 में नोटा को 49,235 वोट मिले, जिसमें उत्तरी क्षेत्र में नोटा को सर्वाधिक 19762 वोट मिले।
- महाराष्ट्र के प्रत्येक नगर निगम में नोटा ने 1.5 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त किए।

## सिफारिश

- यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में नोटा को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से अधिक वोट मिलते है तो वहां निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए।
    - किसी भी उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित नहीं करना चाहिए।
    - पुनः चुनावों का आयोजन किया जाना चाहिए, जिसमें पहले के उम्मीदवारों में से किसी को भी चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं देनी चाहिए और
    - पुनः आयोजित चुनाव में केवल उस उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित करना चाहिए जिसने चुनाव में कम से कम 50 + 1 प्रतिशत वोट प्राप्त किये है।

## लोकसभा चुनाव 2014 में नोटा को मिले वोटों का विश्लेषण

- 2014 में पहली बार नोटा का प्रयोग लोक सभा चुनाव में किया गया, जिसमें कुल मिलाकर नोटा को 60,02,942 (1.08 प्रतिशत) वोट मिले। लोक सभा में नोटा को मिले वोटों में से सर्वाधिक वोट नोटा को तमिलनाडु के नीलगिरि निर्वाचन क्षेत्र (46,559 वोट) से मिले थे। नोटा को सबसे कम संख्या मे वोट अर्थात 123 वोट लक्षद्वीप से मिले थे।





आलेख– लोकसभा चुनाव 2014 में नोटा का वोट शेयर

## विधान सभा चुनाव (2013–2017) में नोटा को मिले वोटों का विश्लेषण


- विधान सभा चुनाव में, नोटा ने सर्वाधिक वोट 2015 में हासिल किए, 2 राज्य विधान सभा चुनाव में 2.08 प्रतिशत (9,83,176 वोट) मिले, जिसमें बिहार को (9,47,279 वोट) और दिल्ली को (35,897 वोट) मिले।

- नोटा को सबसे कम वोट 2014 में मिले, 8 राज्य विधान सभा चुनाव में 0.91 प्रतिशत (14,10,644 वोट) मिले, जिसमें आंध्र प्रदेश को (3,08,286 वोट), अरूणाचल प्रदेश को (5,322 वोट), हरियाणा को (53,613 वोट), जम्मू और कश्मीर को (49,129 वोट), झारखंड को (2,35,039 वोट), महाराष्ट्र को (4,83,459 वोट), ओडिशा को (2,71,336 वोट) और सिक्किम को (4,460 वोट) मिले।




आलेख– राज्य विधान सभा चुनाव 2013 से 2017 में नोटा को मिले कुल वोट (लाखों में)–वर्षवार

- 2013 में इसके कार्यावयन के बाद से, नोटा को सर्वाधिक संख्या में वोट (9,47,279 वोट) बिहार विधान सभा चुनाव 2015 एंव सबसे कम संख्या में वोट (3,810 वोट) मिजोरम विधान सभा चुनाव 2013 में मिले।
- पिछले 5 सालों में नोटा का सर्वाधिक वोट शेयर 3.06 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव 2013 में था।
- पिछले 5 सालों में नोटा का सबसे कम वोट शेयर 0.40 प्रतिशत, दिल्ली विधान सभा चुनाव 2015 में था।
- पिछले 5 सालों में विधानसभा चुनावों में नोटा को औसतन 2,70,616 (2.70 लाख) वोट मिले।




आलेख– राज्य विधान सभा चुनाव 2013 से 2017 में नोटा को मिले कुल वोट (लाखों में)–राज्यवार

- पिछले 5 साल के विधान सभा चुनावो में, नोटा को सर्वाधिक वोट यानी 17,510 वोट महाराष्ट्र के गडचिरोली निर्वाचन क्षेंत्र में मिले, वही सबसे कम संख्या में वोट यानि मात्र 7 वोट अरूणाचल प्रदेश के मरियांग गेकु निर्वाचन क्षेत्र में मिले।
- अरूणाचल प्रदेश के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में जैसे मुक्तो, दिरांग, पश्चिम सेप्पा, पक्के कसांग, दोईमुख, सगली, पालिन, नैपिन, नाचो, तलीहा और मेबो में नोटा ने कोई वोट हासिल नहीं किया।

| क्र0सं0 | राज्य | नोटा को मिले कुल वोटों की संख्या | नोटा को मिले वोटां का प्रतिशत | निर्वाचन क्षेत्र जिसमें नोटा को सर्वाधिक वोट मिले | नोटा वोटों की संख्या | निर्वाचन क्षेत्र जिसमें नोटा को सबसे कम वोट मिले | नोटा वोटां की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2013** | | | | | | | |
| 1 | Chhattisgarh | 4,01,058 | 3.06% | Chitrakot | 10,848 | Kota | 1,074 |
| 2 | Madhya Pradesh | 6,43,171 | 1.90% | Junnardeo | 9,412 | Mehgaon | 245 |
| 3 | Mizoram | 3,810 | 0.66% | Hachhek | 183 | Lunglei North | 36 |
| 4 | NCT of Delhi | 49,884 | 0.63% | Vikaspuri | 1,426 | Matia Mahal | 296 |
| 5 | Rajasthan | 5,89,923 | 1.91% | Bagidora | 7259 | Kaman | 352 |
| **2013 में नोटा को मिले कुल वोटां की संख्या** | | **16,87,846** | -- | | | | |
| **2014** | | | | | | | |
| 1 | Jammu and Kashmir | 49,129 | 1.02% | Banihal | 2,405 | Nubra | 49 |
| 2 | Jharkhand | 2,35,039 | 1.69% | Chatra | 7,724 | Ranchi | 717 |
| 3 | Haryana | 53,613 | 0.43% | Dabwali | 1,549 | Bawani Khera (SC) | 169 |
| 4 | Maharashtra | 4,83,459 | 0.91% | Gadchiroli | 17,510 | Indapur | 437 |
| 5 | Andhra Pradesh | 3,08,286 | 0.64% | Araku Valley | 4,933 | Kanigiri | 361 |


| क्र0सं0 | राज्य | नोटा को मिले कुल वोटों की संख्या | नोटा को मिले वोटों का प्रतिशत | निर्वाचन क्षेत्र जिसमें नोटा को सर्वाधिक वोट मिले | नोटा वोटों की संख्या | निर्वाचन क्षेत्र जिसमें नोटा को सबसे कम वोट मिले | नोटा वोटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | Arunachal Pradesh* | 5,322 | 1.05% | Namsai | 406 | Mariyang Geku | 7 |
| 7 | Odisha | 2,71,336 | 1.26% | Jharigam | 9,498 | Bhograi | 531 |
| 8 | Sikkim | 4,460 | 1.44% | Martam-rumtek | 239 | Sangha | 23 |
| **2014 में नोटा को मिले कुल वोटों की संख्या** | | **14,10,644** | -- | | | | |
| **2015** | | | | | | | |
| 1 | NCT of Delhi | 35,897 | 0.40% | Matiala | 1,102 | Matia Mahal | 203 |
| 2 | Bihar | 9,47,279 | 2.48% | Wasirnagar | 9,551 | Bhabua | 642 |
| **2015 में नोटा को मिले कुल वोटों की संख्या** | | **9,83,176** | -- | | | | |
| **2016** | | | | | | | |
| 1 | Assam | 1,89,085 | 1.12% | Doom Dooma | 3,317 | Karimganj South | 173 |
| 2 | Kerala | 1,07,245 | 0.53% | KADUTHURUTHY | 1,533 | POONJAR | 313 |
| 3 | Puducherry | 13,240 | 1.65% | Thattanchavady | 922 | Mahe | 109 |
| 4 | Tamil Nadu* | 5,61,174 | 1.30% | Shozhinganallur | 7,332 | Melur | 757 |
| 5 | West Bengal | 8,31,848 | 1.52% | Chhatna | 7,709 | Howrah Uttar | 1,070 |
| **2016 में नोटा को मिले कुल वोटों की संख्या** | | **17,02,592** | -- | | | | |
| **2017** | | | | | | | |
| 1 | Goa | 10,919 | 1.19% | Poriem | 552 | Mormugao | 151 |
| 2 | Manipur | 9,062 | 0.55% | Thongju | 398 | Tipaimukh (st) | 25 |

| क्र0सं0 | राज्य | नोटा को मिले कुल वोटों की संख्या | नोटा को मिले वोटों का प्रतिशत | निर्वाचन क्षेत्र जिसमें नोटा को सर्वाधिक वोट मिले | नोटा वोटों की संख्या | निर्वाचन क्षेत्र जिसमें नोटा को सबसे कम वोट मिले | नोटा वोटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Punjab | 1,08,467 | 0.70% | Sunam | 1,718 | Bholath | 379 |
| 4 | Uttar Pradesh | 7,57,643 | 0.87% | Duddhi | 8,522 | Bhojpur | 299 |
| 5 | Uttarakhand | 50,439 | 1.01% | Tharali | 1,761 | Chaubattakhal | 210 |
| 6. | Himachal Pradesh | 34232 | 0.90% | Jogindernagar | 1162 | Lahual & Spiti | 70 |
| 7. | Gujarat | 551615 | 1.84% | Danta | 6461 | Mahesana | 686 |
| **2017 में नोटा को मिले कुल वोटों की संख्या** | | **15,22,377** | -- | | | | |

तलिकाः विधान सभा चुनाव (2013–2017) में नोटा को मिले वोटों का विश्लेषण

## विधान सभा चुनावो में संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रो में नोटा का प्रदर्शन

- संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र वे हैं जहां 3 या 3 से अधिक ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है नोटा ने 2013 विधान सभा चुनाव में संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र में 22,94,904 (22.94 लाख) वोट हासिल किए थे।
- नोटा ने छत्तीसगढ़ के संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र में सर्वाधिक वोट हासिल किए, नोटा ने छत्तीसगढ़ के 10 संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों में 2.68 प्रतिशत (39,896 वोट) हासिल किए थे।




आलेख–संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों में नोटा को मिले वोटा का प्रतिशत


| राज्य | निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिशत | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र को मिले कुल वोट | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र मे नोटा को मिले वोट | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र मे नोटा को मिले वोट का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Andhra Pradesh | 175 | 54 | 31% | 9259116 | 52428 | 0.57% |
| Assam | 126 | 4 | 3% | 508531 | 3117 | 0.61% |
| Bihar | 243 | 195 | 80% | 30828216 | 731918 | 2.37% |

| राज्य | निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिशत | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र को मिले कुल वोट | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र मे नोटा को मिले वोट | संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र मे नोटा को मिले वोट का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Chhattisgarh | 90 | 10 | 11% | 1491086 | 39896 | 2.68% |
| Delhi 2013 | 70 | 20 | 29% | 2226789 | 12106 | 0.54% |
| Delhi 2015 | 70 | 18 | 26% | 2328598 | 8921 | 0.38% |
| Goa | 40 | 1 | 3% | 16554 | 152 | 0.92% |
| Gujarat | 182 | 35 | 19% | 5684786 | 97043 | 1.71% |
| Haryana | 90 | 9 | 10% | 1211321 | 4039 | 0.33% |
| Himachal Pradesh | 68 | 2 | 3% | 103494 | 1149 | 1.11% |
| Jammu And Kashmir | 87 | 3 | 3% | 181787 | 1605 | 0.88% |
| Jharkhand | 81 | 59 | 73% | 10473267 | 172122 | 1.64% |
| Kerala | 140 | 48 | 34% | 6946894 | 36822 | 0.53% |
| Madhya Pradesh | 230 | 60 | 26% | 8867732 | 131791 | 1.49% |
| Maharashtra | 288 | 197 | 68% | 36202803 | 303754 | 0.84% |
| Odisha | 147 | 56 | 38% | 8183173 | 98956 | 1.21% |
| Puducherry | 30 | 9 | 30% | 236276 | 4687 | 1.98% |
| Punjab | 117 | 6 | 5% | 730124 | 4852 | 0.66% |
| Rajasthan | 200 | 22 | 11% | 3538660 | 40152 | 1.13% |
| Tamil Nadu | 234 | 55 | 24% | 10244509 | 130499 | 1.27% |
| Telangana | 119 | 51 | 43% | 8354685 | 62473 | 0.75% |
| Uttar Pradesh | 403 | 151 | 37% | 32739604 | 268548 | 0.82% |
| Uttarakhand | 70 | 10 | 14% | 939502 | 6057 | 0.64% |
| West Bengal | 294 | 31 | 11% | 5779546 | 81817 | 1.42% |
| **Grand Total** | | | | **187077053** | **2294904** | **1.23%** |

तलिकाः विधान सभा चुनावो में संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रो में नोटा का प्रदर्शन

# दिल्ली और महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में नोटा को मिले वोटों का विश्लेषण

- दिल्ली एंव महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में नोटा को सर्वाधिक वोट 4.58 प्रतिशत महाराष्ट्र के उल्लासनगर नगर निगम चुनाव में और सबसे कम वोट 0.58 प्रतिशत पूर्व दिल्ली नगर निगम चुनाव में मिले।
- दिल्ली नगर निगम चुनाव 2017 में नोटा को 49,235 वोट मिले, जिसमें उत्तरी क्षेत्र में नोटा को सर्वाधिक 19762 वोट मिले।
- महाराष्ट्र के प्रत्येक नगर निगम में नोटा ने 1.5 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त किए।




आलेख– दिल्ली और महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में नोटा को मिले वोटों का प्रतिशत

| क्र0सं0 | नगर निगम | कुल वोट | नोटा को मिले वोट | नोटा को मिले वोटां का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | दिल्ली | | |
| 1 | North Delhi Municipal Corporation | 26,81,433 | 19,762 | 0.74% |
| 2 | South Delhi Municipal Corporation | 26,84,767 | 19,190 | 0.71% |
| 3 | East Delhi Municipal Corporation | 17,70,663 | 10,283 | 0.58% |
| | **कुल** | **71,36,863** | **49,235** | **0.69%** |
| | | महाराष्ट्र | | |
| 1 | Municipal Corporation of Greater Mumbai | 51,04,006 | 87,623 | 1.72% |
| 2 | Akola Municipal Corporation | 10,67,204 | 17,138 | 1.61% |
| 3 | Amravati Municipal Corporation | 12,39,544 | 24,816 | 2.00% |
| 4 | Nagpur Municipal Corporation | 44,83,398 | 94,865 | 2.12% |
| 5 | Nashik Municipal Corporation | 26,13,088 | 76,300 | 2.92% |
| 6 | Pimpri-Chinchwad Municipal Corporation | 31,33,398 | 87,938 | 2.81% |
| 7 | Pune Municipal Corporation | 58,04,698 | 1,71,633 | 2.96% |
| 8 | Solapur Municipal Corporation | 15,84,152 | 32,865 | 2.07% |
| 9 | Thane Municipal Corporation | 28,85,228 | 81,721 | 2.83% |
| 10 | Ulhasnagar Municipal Corporation | 7,90,194 | 36,183 | 4.58% |
| | **कुल** | **2,87,04,910** | **7,11,082** | **2.48%** |

तलिकाः दिल्ली और महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में नोटा को मिले वोटां का विश्लेषण

# सम्पर्कः

## नेशनल इलेक्शन वॉच (एन.ई.डब्लयू)/एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ए.डी.आर)

| | | | |
|---|---|---|---|
| मीडिया और पत्रकार हैल्पलाईन | | + 91 80103 94248 | adr@adrindia.org |
| मेजर जनरल श्री अनिल वर्मा (रिटार्यड) | हेड/नेशनल कोर्डिनेटर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 88264 79910 | anilverma@adrindia.org |
| प्रोफेसर त्रिलोचन शास्त्री आई.आई.एम बैंगलोर | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 94483 53285 | trilochans@iimb.ernet.in |
| प्रोफेसर जगदीप छोकर सेवानिवृत्त आई.आई.एम अहमदाबाद, | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 99996 20944 | jchhokar@gmail.com |

## अस्वीकृति

इस रिपोर्ट मे उम्मीदवारों के बारे मे दी गयी संपूर्ण जानकारी को उनके द्वारा नामांकन पेपर्स के साथ दिए गए शपथ पंत्रों से लिया गया है। एडीआर उम्मीदवारों की किसी भी जानकारी में कोई परिवर्तन नही करता जब तक भारतीय चुनाव आयोग से पुष्टि ना हो जाए। एडीआर, भारतीय चुनाव आयोग के अलावा अन्य किसी भी स्त्रोत या जानकारी का उपयोग नही किया करता। रिपोर्ट में दी गई सभी जानकारी भारतीय चुनाव आयोग की वेबसाइट से प्राप्त कि गई हैं। जानकारी शपथपत्रों के अनुसार होना सुनिश्चित करने के सभी प्रयास किए गए है, इस रिपोर्ट और शपथपत्रों मे दी गई जानकारी मे अन्तर होने पर उम्मीदवारों के द्वारा शपथपत्रों मे दी गयी जानकारी को सही माना जाए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, नेशनल इलेक्शन वॉच और उनके स्वयंसेवक, इस रिपोर्ट प्रकाशन के कारण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे।